कान्हा तोहे क्या बोलूं

तेरे दो मैया दो बाप कान्हा तोहे क्या बोलूं,
क्या बोलूं तोहे क्या बोलूं....

एक बाप तेरो पढ़ो रे जेल में,
दूजो चरावे गाय कान्हा तोहे क्या बोलूं,
तेरे दो मैया दो बाप कान्हा तोहे क्या बोलूं.....

एक मात तेरी पड़ी जेल में,
दूजी बिलोवे छाच कान्हा तोहे क्या बोलूं,
तेरे दो मैया दो बाप कान्हा तोहे क्या बोलूं.....

कुंती तो तेरी बुआ रे लगत है,
वाने कुंवारी न जाए नंदलाल कान्हा तोहे क्या बोलूं,
तेरे दो मैया दो बाप कान्हा तोहे क्या बोलूं.....

द्रोपति तो तेरी बहन लगत है,
वह तो 5 पतिन की नार कान्हा तोहे क्या बोलूं,
तेरे दो मैया दो बाप कान्हा तोहे क्या बोलूं.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32030/title/kanha-tohe-kya-bolu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |